Title: Requested to extend the time allotted for telecasting the programmes of Varanasi Doordarshan in the national networks and also to start Metro Channel in Varanasi Centre.

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल (वाराणसी) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, वाराणसी भारतवर्ष की सबसे महत्वपूर्ण सांस्कृतिक, संगीत और साहित्य की नगरी है। यह नगरी कलाकारों और साहित्यकारों की उद्‌गम स्थली है लेकिन दुर्भाग्य यह है कि यहां के कला के विकास हेतु आवश्यक दूरदर्शन केन्द्र की स्थापना काफी विलम्ब से की गई। बार-बार सदन का ध्यान दिलाने के बाद किसी तरह यहां दूरदर्शन स्टूडियो की स्थापना तो कर दी गई परन्तु यहां के कार्यक्रमों को राष्ट्रीय प्रसारण में हफ्ते में केवल 30 मिनट का ही समय दिया गया जो हास्यास्पद ही नहीं बल्कि काशी के कलाकारों, नाटककारों, साहित्यकारों और बुद्धिजीवियों का अपमान है। इस स्टूडियो में न तो सक्षम टेक्नीशियन हैं और न ही कार्यक्रमों के रचनाकार हैं जो वाराणसी की कला को अंतर्राष्ट्रीय आयाम दे सकें। यहां से मेट्रो चैनल का प्रसारण भी अभी तक नहीं हो सका जिसके कारण काशीवासी बहुत दुखी हैं। हम आपके माध्यम से मांग करते हैं। â€¦(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप भारत सरकार से क्या आग्रह करना चाहते हैं ?

...(व्यवधान)

श्री शंकर प्रसाद जायसवाल : मैं सूचना प्रसारण मंत्री जी से आग्रह करना चाहता हूं कि वाराणसी दूरदर्शन के कार्यक्रमों का राष्ट्रीय प्रसारण में समय बढ़ाया जाये।